Mahal was under the custody of the East India Company before 1857, before the First War of Independence. In 1858, this was brought under the control of the British Government. In 1920, this was brought under the control of ASI. I don't think, at this stage, a remedy of that extreme kind is necessary. If it is necessary, we shall go back and consult Mr. Nariman,

because we do not have a better lawyer than him.

स्कूली शिक्षा बीच में छोड़ने वाले बच्चे

*106 **श्री राज मोहिन्दर सिंह मजिठा:**
डा0 मुरली मनोहर जोशी :

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश में पहली से 12वीं कक्षा तक पहुंचते-पहुंचते विद्यार्थियों की संख्या घटकर 10 प्रतिशत ही रह जाती है;

(ख) यदि नहीं, तो इस संबंध में तथ्य क्या है;

(ग) क्या यह भी सच है कि देश में माध्यमिक व उच्चतर माध्यमिक शिक्षा व्यवस्था के लिए अपेक्षित सुविधाएं न होने के कारण शिक्षा के क्षेत्र में भ्रष्टाचार का बोलबाला हो गया; और

(घ) यदि हां, तो सरकार की इस संबंध में क्या प्रतिक्रिया है?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मोहम्मद अली अशरफ फातमी): (क) से (घ)एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

विवरण

(क)से (घ) उपलब्ध प्राक्कलनों के अनुसार स्कूल में प्रवेश लेने वाले छात्रों में से 19.2: छात्र वर्ष 2002-03 में कक्षा XII में नामंकित हुए थे। इसमें उन छात्रों की सख्यां शामिल नहीं है, जिन्होंने कक्षा VIII के बाद विभिन्न तकनीकी, व्यावसायिक और दूरस्थ शिक्षा के पाठ्यक्रम चुने है।

माध्यमिक /उच्चतर माध्यमिक स्कूलों की सख्या में स्वतंत्रता-प्राप्ति के बाद उल्लेखनीय वृद्वि हुई है। इसमें 18 गुणा में से अधिक वृद्वि दर्ज की गई है, अर्थात 1950-51 में स्कूलों की संख्या 7,416 थी वह 2002-03 में बढ़कर 1,37,207 हो गई ।

सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त संस्थाओं में सभी पात्र विद्यार्थियों को बिना किसी भेदभाव के प्रवेश दिया जाता है। माध्यमिक शिक्षा का विनियमन मुख्य रूप से राज्य सरकार का विषय हैं।

School dropouts

†*106 SHRI RAJ MOHINDER SINGH MAJITHA:

DR. MURLI MANOHAR JOSHI:††

Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state

---

††सभा में यह प्रश्न डा0 मुरली मनोहर जोशी द्वारा पूछा गया ।

†The question was actually asked on the floor of the House by Dr.Murli Manohar Joshi

(a) whether it is a fact that the number of students reduces upto 10 per cent by the time they reach 12th standard from 1st standard;

(b) if not, the facts in this regard;

(c) whether it is also a fact that due to lack of required facilities for secondary and higher secondary education in the country, there is rampant corruption in education sector; and

(d) if so, Government's reaction thereto?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (SHRI M.D. ALI ASHRAF FATMI): (a) to (d)AStatement is laid on the Table of the Sabha.

Statement

(a) to (d) According to the available estimates, 19.2% of the students entering school were enrolled in Class XII in 2002-03. This figure does not include the number of students opting for various techincal, vocational and distance education courses after Class VIII.

The number of Secondary/Higher Secondary Schools has increased significantly after Independence, registering an increase of more than 18 times i.e. from 7,416 in 1950-51 to 1,37,207 in 2002-03.

Admission is given to all eligible students in the Government and Government aided institutions without any discrimination. Regulation of Secondary Education is primarily the subject of the State Governments.

डा0 मुरली मनोहर जोशीः सभापति जी, आपके माध्यम से मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि 1998-99 में पहली कक्षा में छात्रों की प्रवेश संख्या कितनी थी और वर्ष 2003-04 में कितनी हो गई ? कितने छात्र 1998-99 में बारहवीं कक्षा में पहुंचे थे और वर्ष 2003-04 में कितने छात्र बारहवीं कक्षा में पहुंचे है? मैं यह भी जानना चाहता हूं कि वर्ष 1998 में माध्यमिक स्कूलों की संख्या कितनी थी और वर्ष 2003-04 में कितनी हो गई ?

श्री मोहम्मद अली अशरफ फातमीः सभापति जी, वर्ष 2002-03 में कक्षा एक से पांच तक ऐनरोलमेंट 95.3परसेंट है।

डा0 मुरली मनोहर जोशीः मैंने संख्या पूछी है, प्रतिशत नहीं पूछा।

श्री सभापति : संख्या इनके पास नहीं है। संख्या का हिसाब लगवाओ।

मोहम्मद अली अशरफ फातमी: सभापति जी, मैं परसेंटेज में बता रहा हूं । कक्षा 6 से 8 तक के छात्रों की संख्या 61 परसेंट है। अगर कक्षा एक से आठ तक के छात्रों की संख्या देखी जाए, तो यह 82.5 परसेंट है।

डा0 मुरली मनोहर जोशी: आगे भी तो बताइए।

श्री मोहम्मद अली अशरफ फातमी: कक्षा 9से 12 तक के छात्रों की संख्या 37.5 परसेंट है।

डा0 मुरली मनोहर जोशी: इसका अर्थ यह है कि वर्ष 2004-05 में यह संख्या घट गई है।

श्री मोहम्मद अली अशरफ फातमी: घट नहीं गई है। मैंने जो आंकड़े बताएं है, 19.2 परसेंट यह उन छात्रों की संख्या है जो कक्षा बारहवीं तक पहुंचे हैं।

डा0 मुरली मनोहर जोशी: अभी तो आप 37.5 परसेंट बता रहे थे।

श्री मोहम्मद अली अशरफ फातमी: नहीं वह मैने आपको उन छात्रों की संख्या बताई जो कक्षा 9 से 12वीं में पढ़ रहे हैं। जो बच्चे बारहवीं क्लास तक पहुंचे है, उनकी संख्या 19.2 परसेंट है, बाकी ड्राप-आउट है। कक्षा 9 से 12 , इन तीन कक्षाओं में पढ़ने वाले छात्रों की संख्या 37.5 परसेंट है ।

डा0 मुरली मनोहर जोशी: आप बारहवीं कक्षा का बताइए ना।

श्री मोहम्मद अली अशरफ फातमी: कक्षा बारहवीं के छात्रों की संख्या 19.2 परसेट है ....(**व्यवधान**)...

डा0 मुरली मनोहर जोशी: वे बारहवीं कक्षा पहुंचे, यह तो मैंने माना लेकिन यह कि बच्चों का प्रतिशत है?

श्री मोहम्मद अली अशरफ फातमी: पहली कक्षा में जितने बच्चे पढ़ने गए, यह उनका प्रतिशत है जो बारहवीं कक्षा तक पहुंचे है।

श्री मोहम्मद अली अशरफ फातमी: मैने आपको बताया है कि बाहरवीं कक्षा तक ड्राप-आउट 19.2 परसेंत है ....(**व्यवधान**)...

श्री सभापति: ज्यादा अच्छा यह होगा कि आप दोनों ही बैठ जाएं।

डा0 मुरली मनोहर जोशी: सर, मेरा दूसरा सप्लीमेंटरी है ....(**व्यवधान**)...

श्री सभापतिः दूसरे का क्या, पहले मे ही ....(**व्यवधान**)...

डा0 मुरली मनोहर जोशीः क्या सरकार ने हिन्दुस्तान टाइम्स की 30 जून की रिपोर्ट देखी है, जिसमें ट्रांसमेरेंसी इंटरनेशनल इंडिया के एक सर्वे के मुताबिक यह कहा गया है कि"Indians pay bribes amounting to Rs. 21,068 crores in the past year and no one would have guessed it. but the biggest chunk of this money goes to schools till the class XII-level. तो यह एडमिशन में, सर्टिफिकेट में जो भ्रष्टाचार हो रहा है, इसकी सरकार को कोई जानकारी है? क्या इस रिपोर्ट को सरकार ने देखा है।

श्री मोहम्मद अली अशरफ फातमीः सरकार को इसके बारे में जानकारी है। अगर गवर्नमेंट के सामने कोई भी इस तरह की चीज आती है, तो गवर्नमेंट उस पर एक्शन लेती है। यह हो सकता है कि प्राइवेट स्कूलों के अन्दर बहुत तरह से यह एक्स्ट्रा फीस की शक्ल में, डेवलमेंट फीस की शक्ल में हो, लेकिन गवर्नमेंट स्कूलों के अन्दर, सेंट्रल स्कूल, नवोदय विद्यालय या जो भी स्कूल सीबीएसई के जरिए चलाए जाते हैं अगर इस तरह से शिकायत आती है तो उस पर गवर्नमेंट पूरा एक्शन लेती है।

डा0 मुरली मनोहर जोशीः क्या इसके लिए सरकार कोई कानून बनाएगी ....(**व्यवधान**)...

श्री मोहम्मद अली अशरफ फातमीः किस चीज़ के लिए?

डा0 मुरली मनोहर जोशीः कि इस प्रकार का भ्रष्टाचार न हो ....(**व्यवधान**)...

श्री सभापति : भ्रष्टाचार के लिए पहले से ही कानून है ....(**व्यवधान**)... भ्रष्टाचार के लिए कानून है ....(**व्यवधान**)... चलिए, छोडिए ....(**व्यवधान**)... बैठिए ....(**व्यवधान**)...

डा0 मुरली मनोहर जोशी: यह हमारे जमाने में नहीं था....(**व्यवधान**)...

SHRI RAVULA CHANDRA SEKAR REDDY: Sir, the hon. Minister has mentioned about the increase in number of schools. I would like to know from him about the recruitment of teachers. I would like to know whether the recruitment of teachers.is in proportion to the opening up of schools and students because most of the dropouts are girl-students since they belong to weaker and poorer sections of the society. What is the programme of the Government of India in retaining them in schools and helping them in pursuing their further studies in colleges and professional courses?

श्री मोहम्मद अली अशरफ फातमीः यह सवाल स्कूल से रिलेटेड है। मैं इसके बारे में यही कहूंगा कि गवर्नमेंट बहुत सारे स्टेप्स ले रही है। इसमें सर्व शिक्षा अभियान , जिसके अन्दर कस्तूरबा

गांधी रेसिडेंशियल स्कूल, अल्टरनेटिव एंड इन्नोवेटिव एजुकेशन से पढ़ाई का इन्तजाम, एजुकेशन गारंटी स्कीम से पढाई का इन्तजाम , आदि हैं। इसके अलावा National Programme for Educatin for Girls at Elementary Level % I These are all the steps that the Government is taking so that dropout level may come down.

SHRI NILOTPAL BASU: Sir, a question came up regarding corruption. I would like to know whether the Government has instituted an enquiry about the land which was let out by KVs earlier in Delhi to private parties during the regime of earlier Government. If yes, what is the outcome of the enquiry, because there are widespread reports which appeared in the press on this?

श्री मोहम्मद अली अशरफ फातमी: यह बात सही है कि दिल्ली, गाजियाबाद और कुछ इम्पॉर्टेंट सिटीज़ के अन्दर मैं समझता हूं कि सेंट्रल स्कूल के लैंड प्राइवेट पार्टीज़ को दे दिए गए थे। इसके बारे में जांच हो रही है ....(**व्यवधान**)...

श्री नीलोत्पल बसु: उस जांच का निष्कर्ष कब आएगा? ....(**व्यवधान**)...

श्री मोहम्मद अली अशरफ फातमी: जांच हो रही है ....(**व्यवधान**)...

श्री सभापति: जांच हो रही है। बस, किस्सा खत्म हुआ ....(**व्यवधान**)...

श्री मोहम्मद अली अशरफ फातमी: इसके बारे में निष्कर्ष आएगा ....(**व्यवधान**)...

श्री नीलोत्पल बसु: क्या यह इन्क्वायरी समयबद्व है? ....(**व्यवधान**)...

श्री सभापति : आप छोडिए ....(**व्यवधान**)...

श्री मोहम्मद अली अशरफ फातमी: गवर्नमेंट की कुछ जगहों को दे दिया गया था....(**व्यवधान**)...

श्री सभापति: वह क्यों दिया गया, इनको मालूम नहीं है....(**व्यवधान**)...

श्री नीलोत्पल बसु: यह क्यों दिया गया, कैसे दिया गया, क्या सरकार का परमिशन था?

श्री सभापति: इस विषय पर पहले चर्चा हो चुकी है ....(**व्यवधान**)...

श्री मोहम्मद अली अशरफ फातमी: सरकार इस पर एक्शन लेगी।

श्री नीलोत्पल बसु: सर, इसके ऊपर हाउस में चर्चा करवाइए ....(**व्यवधान**)...

श्री सभापति : चर्चा हो चुकी है ....(**व्यवधान**)...

श्री नीलोत्पल बसु: सर, यह सीरियस मामला है।

**107. (The questioner (Shri A. Vijayaraghavan) was absent. For answer vide page 33.]*

**108. [The questioner (Shrimati S.G. Indira) was absent. For answer vide page 34.]*

New music channels by DD

*109. SHRI R. KAMARAJ: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the Doordarshan would soon start two new music channels;

(b) if so, the details thereof;

(c) whether it is a fact that presently Doordarshan's DTH platform has space to accommodate 33 channels;

(d) whether it is also a fact that Doordarshan has been making efforts to expand DTH platform to accommodate more channels; and

(e) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI S. JAIPAL REDDY): (a) to (e) A Statement is laid on the Table of the House.

Statement

(a) No, Sir.

(b) Does not arise.

(c) Yes, Sir.

(d) and (e) Yes, Sir. Prasar Bharati is in the process of acquiring additional hardware to increase the number of TV channels in its bouquet of free-to-air DTH service from thirty three (33) to fifty (50).

SHRI R. KAMARAJ: Sir, is it true that no other cost would be incurred on the DTH, apart from the initial installation expenses, and that one would receive round the clock telecast?